प्रभात खबर

94.5 लीटर नकली शराब, स्प्रिट, स्टीकर व ढक्कन जब्त

गुप्त सूचना पर बोहा गांव में पानी टंकी के पास की छापेमारी पथरगामा. उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की देर रात पथरगामा थाना क्षेत्र के बोहा गांव में अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है. उत्पाद निरीक्षक निलेश सिन्हा की अगुआई में उत्पाद पुलिस ने बोहा गांव के पानी टंकी के पास अवैध मिनी शराब फैक्ट्री में चल रहे अवैध शराब के कारोबार के कारोबार पर छापेमारी की है. उत्पाद निरीक्षक श्री सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की बोहा में अवैध शराब का कारोबार गुपचुप रूप से फल-फूल रहा है. बताया कि यह भी जानकारी हासिल हुई थी की रात्रि में शीशे के आपस में टकराने जैसी आवाजें सुनाई देती है. वाहनों की आवाजाही भी होती है. बताया कि मिले सूचना व निशानदेही के आधार पर जब छापेमारी की गयी तो बोहा पानी के टंकी के पास अवैध शराब के कारोबार का खुलासा हुआ. छापेमारी के दौरान 94.5 लीटर अवैध शराब, 90 लीटर स्प्रीट, शराब के विभिन्न ब्रांडों के लगभग 400 ढक्कन, 300 पीस शराब के कंपनी का लेवल बरामद किया गया. हालांकि छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. उत्पाद निरीक्षक ने कहा कि जांच में जानकारी हासिल हुई है कि बोहा में अवैध नकली शराब का धंधा काफी दिनों से चल रहा था. अवैध कारोबार में अरविंद मंडल नामक व्यक्ति की संलिप्तता की बाते सामने आ रही है. बताया कि पूर्व में बोहा से कुछ ही दूरी पर चंपापुर गांव में उत्पाद विभाग ने लगभग

100 लीटर अवैध शराब को जब्त किया था. अरविंद मंडल के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. उत्पाद निरीक्षक ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की छानबीन चल रही है. जांच पूरी कर आगे की कार्रवाई की जायेगी. कहा कि अवैध शराब के कारोबार पर उत्पाद विभाग की टीम नजर बनाए हुए है. इधर, बोहा में छापेमारी के बाद अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप व्याप्त है. पथरगामा व राजाभीट्ठा में स्पिरिट से तैयार होती है नकली शराब जिले में पथरगामा व उससे सटे राजाभीट्ठा में स्पिरिट से शराब बनाने वाले कारोबारी की चांदी है. पथरगामा में बड़ी कार्रवाई होने के बाद भी इस प्रकार के कारोबार पर नकेल नहीं कसी जा सकी है. हाल के दिनों में पथरगामा में विदेशी शराब के दो-दो कंटेनर पुलिस को हाथ लगा था. इसके बाद भी बोहा में ही प्लास्टिक जार में स्पिरिट भरा हुआ बरामद किया गया. इसके बाद भी पथरगामा व बोहा के आसपास यह धंधा जारी है. इसके अलावा गांधीग्राम के परसपानी समेत राजाभीट्ठा आदि एरिया में इसके कारोबारी सक्रिय हैं.

Source:
https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/godda/94-5-liters-of-spurious-liquor-spirit-stickers-and-caps